Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of Institute of Rural Management in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar.-Laid

***m01 श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार):** बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है । कृषि, डेयरी एंव मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपार संभवानाओं के साथ-साथ जहॉ एक ओर पूर्वी एंव उत्तरी बिहार जूट, मखाना और मक्का के लिए प्रसिद्ध है, वहीं दूसरी ओर डेयरी और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण एंव सहकारिता को भी आगे बढ़ाने की जरूरत है । हमारी एनडीए की सरकार सहकारिता पर जरूरत से ज्यादा ध्यान दे रही है और सहकारिता के सिद्धांत पर आधारित डा० वर्गीज कुरिजन साहब द्वारा स्थापित इन्स्टीटयूट ऑफ रुरल मैनेजमेंट, आनन्द (इरमा) गुजरात कोपरेटिव मिल्क फेडरेशन एंव अमूल डेयरी जैसी महान संस्थाएं देश के लिए बहुत बड़ी देन है जिसके कारण करोड़ो लोगों को इसका फायदा मिला है । मैं माननीय गृह एंव सहकारिता मंत्री जी से मांग करता हूॅ कि इरमा (आईआरएमए) गुजरात की तर्ज पर एक इन्स्टीटयूट ऑफ रुरल मैनेजमेंट की स्थापना हमारे संसदीय क्षेत्र कटिहार, बिहार में की जाए । इरमा की स्थापना होने से बिहार राज्य के सीमांचल में कटिहार के उत्तरी और पूर्वी बिहार के किसानों में विकास एंव उन्नति की नयी संभावना पैदा होगी, जो जूट, मखाना और मक्का के उत्पादन के लिए मशहूर इस इलाके के करोड़ों किसानों, डेयरी एंव मत्स्य पालकों के जीवन में चहुँमुखी विकास करेगी ।